
RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



कुब्रा सैत ने बताया कैसे सलमान खान ने बदली किस्मत, कहा- मेरे पास कोई डायलॉग नहीं था

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 131 | THURSDAY DATE 03-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## एसआईआर के जरिए 6.5 करोड़ नाम काटे गए, गरीब मुस्लिमों का वोट छीनने की तैयारी: ओवैसी

» **हैदराबाद, यूटर्न/ 03 जून ।**

एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का इस्तेमाल बाहर किए गए भारतीयों का एक स्थायी वर्ग बनाने के लिए किया जाएगा।

उन्होंने दावा किया कि 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट से 6.5 करोड़ नाम हटा दिए गए।

हैदराबाद के सांसद ने एक्स पोस्ट में केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह उन नामों को हटाने की जांच के लिए एक कमेटी



बनाने और अवैध प्रवासियों की पहचान, हिरासत और देश निकाले के लिए एक पक्का सिस्टम बनाने का प्रस्ताव ला रही है।

ओवैसी ने पोस्ट में लिखा, 'केंद्र सरकार ने पहले कागजों पर आधारित एसआईआर लागू किया, जिससे 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट से करीब 6.5 करोड़ नाम हटा दिए गए। अब वह उन्हीं हटाए गए नामों की जांच के लिए एक कमेटी बनाना चाहती है और अवैध प्रवासियों की पहचान, हिरासत और देश-निकाले के लिए एक पक्का सिस्टम बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर का इस्तेमाल उन भारतीयों का एक पक्का वर्ग बनाने के लिए किया जाएगा जिन्हें बाहर कर दिया गया है। गरीबों के पास वोट देने का अधिकार ही ताकतवर लोगों के खिलाफ एकमात्र हथियार है। इसके बिना सरकार उनके साथ जो चाहेगी, वह करेगी। हम पहले से ही ऐसी खबरें देख रहे हैं कि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि कानून के अनुसार, एसआईआर के तहत किसी का नाम हटाए जाने का मतलब यह नहीं है कि वह व्यक्ति नागरिक नहीं है। 27 लाख लोग अभी भी जांच के दायरे में हैं और उनमें से कई लोग फॉर्म 6 के जरिए वोटर के तौर पर अपना नाम दर्ज करवाने के लिए फिर से आवेदन कर सकते हैं। ईसीआई ने खुद इस बारे में कोई डाटा नहीं दिया है कि उसने कितने लोगों को इसलिए बाहर किया, क्योंकि वे विदेशी थे। उपलब्ध डाटा से पता चलता है कि एसआईआर द्वारा बाहर किए गए ज्यादातर लोग मुस्लिम, महिलाएं, गरीब और प्रवासी हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि सरकार का अपना डाटा दिखाता है कि हमारी जनसांख्यिकी और आबादी स्थिर हो गई है और हमारा टीएफआर 2.0 है तो फिर हमें इस समिति की क्या जरूरत है? ताकि मुसलमानों के खिलाफ लगातार शक और डर का माहौल बना रहे। उन्होंने कहा कि इस सरकार को भारतीयों का समय कागजी कार्रवाई में बर्बाद करवाना बहुत पसंद है। कभी यह केवाईसी या एसआईआर होता है तो कभी किसी पोर्टल पर कोई दस्तावेज अपलोड करना होता है.

## मध्य प्रदेश में गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों का एचआईवी पीड़ित होना चिंताजनक : कमलनाथ

**भोपाल, यूटर्न/ 03 जून ।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के एचआईवी पीड़ित पाए जाने पर चिंता जताई है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की ओर से दिए गए एक बयान में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में पिछले 5 साल में 200 से अधिक एचआईवी पॉजिटिव बच्चों का जन्म होना अत्यंत चिंता का विषय है। यही नहीं वर्ष 2025-26 में 743 गर्भवती स्त्रियां एचआईवी पॉजिटिव पाई गई। एचआईवी पीड़ित महिलाओं और नवजात शिशु को गंभीर बताते हुए कमलनाथ ने कहा कि इस गंभीर स्थिति के बावजूद गर्भवती महिलाओं की न तो सही से जांच हो रही है और न ही सभी को उचित तरीके से दवा उपलब्ध कराई जा रही है। एचआईवी संक्रमण के मामले में इस तरह की गंभीर लापरवाही किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं की जा सकती।



## देश ने कई बार कठिन परिस्थितियों का सामना किया, कभी सोना नहीं बेचा गया : केजरीवाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि मोदी सरकार में देश के आर्थिक हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि सरकार को अब देश का सोना बेचना पड़ा रहा है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने देश का सोना बेचने पर न सिर्फ मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश के आर्थिक हालात भी जनता के सामने रखने की मांग की है।




ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट को साझा करते हुए श्री केजरीवाल ने कहा कि पिछले 76 साल में कई ऐसे मौके आए जब देश कठिन स्थिति में था लेकिन देश का सोना तो कभी नहीं बेचा गया। इसका मतलब हालात बहुत ज्यादा खराब हैं? सरकार कुछ बताती क्यों नहीं? देश के क्या हालात हैं? मोदी जी कहते हैं कि वो तो झोला उठा के चल देंगे। पर हमें तो यहीं रहना है, इसी देश में रहना है। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि कुछ दिन पहले तक देश को समझाया जा रहा था कि सोना मत बेचो, सोना भविष्य की सुरक्षा है। अब ब्लूमबर्ग की इस रिपोर्ट में खुलासा हो रहा है कि प्रधानमंत्री ने खुद ही देश का सोना बेच डाला। अगर देश को चलाने के लिए सोने का भंडार बेचने की मजबूरी जैसे हालात बन गए हैं, जो भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ, तो देश को साफ-साफ बताया जाना चाहिए कि आर्थिक हालात क्या हैं। सरकार सामने आए और सच बताए। देश को प्रचार नहीं, पारदर्शिता चाहिए। वहीं, आप के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ह्वेल, सेल, तेल, कोयला, गैस, पोर्ट, एयरपोर्ट, और आपका पेपर बेचने के बाद, आजाद भारत के इतिहास में पहली बार श्री मोदी ने एक लाख 14 हजार करोड़ का देश का सोना भी बेच दिया।

# मालवीय नगर अग्निकांड में अब तक 21 लोगों की मौत

### सीएम रेखा गुप्ता ने जताया दुख, बोलीं- 'सरकार प्रभावित परिवारों के साथ'

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।**

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां-सह-होटल में हुई भीषण आग की घटना में 21 लोगों की मौत हो गयी है, जबकि 16 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इस दुर्घटना के बाद बाद दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस हादसे में अधिकांश मृतक अफ्रीकी नागरिक बताये गये हैं। जांच में होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आये हैं। अधिकारियों के अनुसार आग होटल के बेसमेंट में संचालित रेस्तरां ह्यलेमन ग्रीनह्व में लगी थी। सूत्रों के मुताबिक होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही रास्ता था, जिससे आपात स्थिति में लोगों को बाहर निकलने में भारी कठिनाई हुई। जांच में यह भी सामने आया है कि होटल को केवल छह कमरों के संचालन की अनुमति थी, जबकि



वहां करीब 25 कमरे संचालित किये जा रहे थे और लगभग 40 लोग ठहरे हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि भवन का उपयोग स्वीकृत क्षमता से कहीं अधिक किया जा रहा था। बेसमेंट क्षेत्र का भी कथित रूप से रेस्तरां संचालन और अतिथियों के ठहरने दोनों के लिए अनधिकृत उपयोग किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग बेसमेंट स्थित रेस्तरां में लगी, जहां लगभग छह कमरे भी बने हुए थे। जांच एजेंसियां अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी और सीमित निकासी मार्गों को हादसे का प्रमुख कारण मानकर जांच कर रही हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह लगभग 8:48 बजे पहली आपातकालीन सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं निकासी अभियान शुरू किया गया। आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

दिल्ली पुलिस, अग्निशमन सेवा और अन्य आपातकालीन एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस बीच, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, साकेत ने बताया कि उसके आपातकालीन विभाग में कुल 39 लोगों को लाया गया। इनमें 18 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया, जबकि 15 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं। इनमें से आठ वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### मालवीय नगर अग्निकांड में दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया गैर इरादतन हत्या का मामला

दिल्ली पुलिस ने मालवीय नगर अग्निकांड में गैर इरादतन हत्या और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें 21 लोगों की जान चली गई है। सूत्रों के अनुसार, होटल मालिक की पहचान लोकेश बजाज के रूप में की गई है। होटल के संचालन में तीन साझेदार शामिल हैं और उनके पास शहरभर में कई अन्य होटल और गेस्ट हाउस भी हैं। पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां होटल के स्वामित्व, संचालन और सुरक्षा मानकों से संबंधित पहलुओं की जांच कर रही हैं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, अग्निकांड में मारे गए 21 मौतों में से 17 विदेशी नागरिक हैं। इनमें से ज्यादातर लाइबेरिया, नाइजीरिया, मोजाम्बिक और बांग्लादेश से हैं।

## सरकार ने प्रदेश को विकास के बजाय बदनामी दी: अखिलेश यादव

» **लखनऊ, यूटर्न/ 03 जून ।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर भ्रष्टाचार, बदहाल बुनियादी सुविधाओं और शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास की बजाय अव्यवस्था और घोटालों का माहौल है। उन्होंने दावा किया कि सड़क, शिक्षा, रोजगार और निवेश जैसे मुद्दे वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रमुख विषय बनेंगे और जनता इन सवालों पर सरकार से जवाब मांगेगी। अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि सरकार ने प्रदेश को विकास के बजाय बदनामी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और लूट व्याप्त है, जिसका असर प्रदेश की छवि पर भी पड़ रहा है।



उन्होंने आगरा का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया भर से आने वाले पर्यटक ऐतिहासिक धरोहरों को देखकर प्रभावित होते हैं, लेकिन खराब सड़कों और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति प्रदेश की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करती है। सपा प्रमुख ने कहा कि पर्यटन, होटल, गाइड, टैक्सी, टूर ऑपरेटर, हस्तशिल्प, पेठा और जूता उद्योग जैसे क्षेत्रों पर आर्थिक सुस्ती का असर दिखाई दे रहा है।

## किसानों को संकट से सम्मान तक पहुंचाया, अब लागत का मिल रहा डेढ़ गुना मूल्य : योगी

» **गोरखपुर, यूटर्न/ 03 जून ।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय देश का अन्नदाता किसान कर्ज, बढ़ती लागत, प्राकृतिक आपदाओं और उपज के उचित मूल्य के अभाव से जूझ रहा था, जिसके कारण बड़ी संख्या में किसानों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पड़ते थे। लेकिन पिछले नौ वर्षों में केंद्र और प्रदेश सरकार की किसान-केंद्रित नीतियों ने कृषि क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। किसानों को कर्जमुक्त करने, उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं।

बुधवार को गोरखपुर में आयोजित संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2026 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2005 से 2014 के बीच देश में लाखों किसानों ने आत्महत्या की थी। इसके पीछे गुणवत्तापूर्ण बीजों की कमी, खेती की बढ़ती लागत, कम उत्पादन, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ न मिलना तथा प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए प्रभावी व्यवस्था का अभाव प्रमुख कारण थे।

## संक्षिप्त खबरें



### ग्रेटर नोएडा में नशाखोरी के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान, 377 लोगों पर हुई कार्रवाई

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 03 जून ।**

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी और लोक व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में ग्रेटर नोएडा जोन में दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया, जिसके दौरान सार्वजनिक स्थलों पर शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन करने वाले कुल 377 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान 1 जून से 2 जून तक संचालित किया गया। अभियान का संचालन डीसीपी और एडीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में किया गया, जबकि एसीपी-1, एसीपी-2, एसीपी-3 और एसीपी-4 ग्रेटर नोएडा के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने व्यापक जांच और निगरानी अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने पार्कों, बाजारों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चेकिंग की। इस दौरान ऐसे लोगों की पहचान की गई जो खुलेआम शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर रहे थे और सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहे थे। पुलिस ने सभी 377 व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी भी दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर नशे का सेवन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे आम नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा भी प्रभावित होती है। इसी उद्देश्य से कमिश्नरेट पुलिस लगातार ऐसे तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई कर रही है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर शराब अथवा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक शांति एवं व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार के विशेष अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# गौतमबुद्धनगर पुलिस ने एक वर्ष में 5491 वीवीआईपी दौरों को बनाया सुरक्षित

» **नोएडा, यूटर्न/ 03 जून ।**

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में कमिश्नरेट पुलिस ने एक वर्ष के दौरान वीवीआईपी सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक जनपद में कुल 5491 वीवीआईपी आगमन एवं भ्रमण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली सराहनीय रही। इस अवधि में उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अन्य राज्यों के राज्यपालों एवं मुख्यमंत्रियों सहित कई अति विशिष्ट व्यक्तियों का गौतमबुद्धनगर आगमन हुआ। इसके अलावा, जेड प्लस श्रेणी के 164 विशिष्ट महानुभावों, विदेशी प्रतिनिधिमंडलों, केंद्रीय एवं




राज्य मंत्रियों, न्यायपालिका के वरिष्ठ न्यायाधीशों तथा अन्य वीवीआईपी व्यक्तियों के भी दौरे हुए।

प्रत्येक वीवीआईपी कार्यक्रम से पूर्व पुलिस कमिश्नर और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को विस्तृत ब्रीफिंग दी गई। अधिकारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल, रूट मैनेजमेंट, ट्रैफिक डायवर्जन, भीड़ नियंत्रण, समन्वय व्यवस्था और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान सतर्कता और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा के उच्च मानकों का पालन करते हुए एंटी-सैबोटाज चेकिंग, डॉग स्क्वॉड, बम निरोधक दस्तों की तैनाती तथा पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही विभिन्न एजेंसियों और पुलिस इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सभी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया।

गौतमबुद्धनगर पुलिस ने आम नागरिकों को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने के लिए विशेष यातायात प्रबंधन योजना लागू की। विभिन्न मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन, वैकल्पिक रास्तों की व्यवस्था तथा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से समय-समय पर यातायात संबंधी सूचनाएं प्रसारित की गईं, जिससे लोगों को आवागमन में कम से कम परेशानी हो।

पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता तथा कुशल नेतृत्व के परिणामस्वरूप वर्षभर में आयोजित सभी वीवीआईपी कार्यक्रम एवं भ्रमण बिना किसी बाधा के सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हुए।



## साड़ियों में छिपाकर हो रही थी गांजा तस्करी, नोएडा पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह का किया भंडाफोड़

**नोएडा, यूटर्न/ 03 जून ।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का पदार्फाश किया है। थाना सेक्टर-20 पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में गिरोह के सरगना समेत दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 37 किलो 696 ग्राम गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त 39 साड़ियां बरामद की हैं। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 20 से 25 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, 2 जून की रात में मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर सेक्टर-17 क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अयोध्या निवासी शुभम पाठक और शिवम दूबे को गिरफ्तार किया। दोनों वर्तमान में दिल्ली के मयूर विहार फेस-2 स्थित ईस्ट विनोद नगर में रह रहे थे और लंबे समय से एनसीआर क्षेत्र में गांजे की सप्लाई कर रहे थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस पूरे नेटवर्क का संचालन शुभम पाठक कर रहा था, जो पिछले दो-तीन वर्षों से इस अवैध कारोबार में सक्रिय था। आरोपी पश्चिम बंगाल के माध्यम से विभिन्न कोरियर कंपनियों का इस्तेमाल कर गांजे की खेप मंगवाते थे। तस्करी को छिपाने के लिए गांजे को साड़ियों की पैकिंग के अंदर छिपाकर भेजा जाता था ताकि जांच एजेंसियों को किसी प्रकार का संदेह न हो। पार्सल प्रायः अधूरे या फर्जी पतों पर मंगवाए जाते थे और डिलीवरी से पहले ही फोन के जरिए उन्हें प्राप्त कर लिया जाता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गांजा ओडिशा, आंध्र प्रदेश और अन्य पर्वतीय क्षेत्रों से लाया जाता था।

## कैबिनेट ने दिल्ली-एनसीआर में पुराने ट्रक और बसों को बदलने के लिए 9,585 करोड़ रुपए की ग्रीन योजना को दी मंजूरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए दो साल की एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दे दी। इसमें दिल्ली-एनसीआर में पुराने ट्रक और बसों को बदलने के लिए 9,585 करोड़ रुपए की ग्रीन योजना को स्वीकृति प्रदान की गई।

एक आधिकारिक बयान में बुधवार को कहा गया कि 9,585 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली इस योजना में केंद्र सरकार 5,041 करोड़ रुपए का योगदान देगी, जबकि भाग लेने वाले राज्यों की ओर से लगभग 1,601 करोड़ रुपए की कर रियायतें दी जाएंगी।

इस योजना का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में पंजीकृत उन ट्रक और बस मालिकों को प्रोत्साहित करना है, जिनके वाहन बीएस-क्ष या उससे पुराने उत्सर्जन मानकों का पालन करते हैं। ऐसे वाहन मालिकों को अपने पुराने वाहनों की जगह बीएस-श्कया उससे बेहतर उत्सर्जन मानकों वाले वाहन अथवा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा।

यह योजना आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) द्वारा वित्तपोषित की जाएगी। इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) की होगी। बयान में कहा गया है कि इस योजना को दिल्ली,



हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से लागू किया जाएगा।

बयान के मुताबिक, इस योजना का लाभ लगभग 2.07 लाख वाहन मालिकों को मिलेगा, जिनमें करीब 1.91 लाख ट्रक और 16,329 बसें शामिल हैं।

योजना के तहत बीएस-क्क्क या उससे पुराने वाहनों को पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों में स्क्रैप कराना अनिवार्य होगा। वहीं, बीएस-4 वाहनों को या तो स्क्रैप किया जा सकता है या फिर एनसीआर से बाहर ऐसे शहरों और कस्बों में बेचा जा सकता है जो राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के दायरे में नहीं आते। इसके बाद वाहन मालिकों को एनसीआर के भीतर ही नया बीएस-श्क उससे बेहतर मानकों वाला या इलेक्ट्रिक वाहन खरीदकर पंजीकृत कराना होगा। दिल्ली में इस योजना के तहत खरीदे जाने वाले हल्के मालवाहक वाहन केवल इलेक्ट्रिक होने चाहिए। वहीं बसों के लिए केवल बीएस-श्कसीएनजी या इलेक्ट्रिक मॉडल ही मान्य होंगे। सरकारी वाहनों को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया है।

# सर्वजातीय खाप सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन

» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 03 जून । अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 12, 13 एवं 14 जून को आयोजित होने सर्वजातीय खाप सम्मेलन को वाले सर्वजातीय खाप सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि इस सम्मेलन में महिला संगठन, छात्र संगठन, युवा संगठन, धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, विभिन्न खापों, तपों, बारहों तथा समाज के अन्य मौजिज व्यक्तियों की व्यापक भागीदारी रहेगी। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक एकता को मजबूत करना, समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना तथा भावी पीढ़ी के लिए सकारात्मक सामाजिक वातावरण तैयार करना है।

सम्मेलन के दौरान सामाजिक कुरीतियों, नशाखोरी, महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण तथा



सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि समाज को संगठित एवं सुदृढ़ बनाने के लिए सामूहिक प्रयास समय की आवश्यकता हैं। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद ने हाल ही में डॉ. शैलेंद्र शर्मा ह्यशैलीह्न द्वारा एक नाबालिग के साथ किए गए जघन्य अपराध की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराध मानवता को शर्मसार करने वाले हैं तथा ऐसे मामलों में दोषियों को कठोरतम दंड मिलना चाहिए। उन्होंने मांग की कि यदि न्यायालय में आरोप सिद्ध होते हैं तो दोषी को फांसी जैसी कठोर सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसे अपराध करने का साहस न कर सके। डॉ श्योकंद ने मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक तथा संबंधित थाना प्रभारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी तत्परता के कारण आरोपी को सीमित समय में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत हुई है।

बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि आगामी सर्वजातीय खाप सम्मेलन को ऐतिहासिक, सफल एवं समाज हित में उपयोगी बनाया जाएगा तथा सम्मेलन से निकले निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## चलती बस से मोबाइल छीनकर भाग रहे चोर को ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने दबोचा, घायल होने के बावजूद निभाया कर्तव्य

» **नोएडा, यूटर्न/ 03 जून ।**

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात यातायात पुलिस के एक अधिकारी ने साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है। सेक्टर-37 चौराहे पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे यातायात उपनिरीक्षक (टीएसआई) रमेश पंवार ने चलती बस से मोबाइल छीनकर भाग रहे एक मोबाइल चोर को पकड़ने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना उसका पीछा किया और उसे धर दबोचा।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को सेक्टर-37 चौराहे पर यातायात संचालन के दौरान टीएसआई रमेश पंवार अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति चलती बस में सवार यात्री का मोबाइल फोन छीनकर मौके से भाग रहा है। सूचना मिलते ही टीएसआई रमेश पंवार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी का पीछा शुरू कर दिया।

मोबाइल चोर को पकड़ने के दौरान



आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीएसआई रमेश पंवार ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए उसे पकड़ लिया। इस कार्रवाई के दौरान उन्हें गंभीर चोटें भी आईं। आरोपी को पकड़ते समय उनके हाथ में चोट लगी और एक उंगली में फ्रैक्चर हो गया।

बावजूद इसके उन्होंने हार नहीं मानी और घायल अवस्था में भी आरोपी को अपने कब्जे में लेकर थाना सेक्टर-39 पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद घायल टीएसआई रमेश पंवार को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका चिकित्सकीय परीक्षण और इलाज किया जा रहा है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# अपमानजनक एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग घोर आपत्तिजनक: प्रेम महता

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 03 जून। बरवाला के वरिष्ठ समाज सेवी एवं पंचानंद स्मारक ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रेम महता ने समाज के किसी भी वर्ग अथवा समुदाय के लोगों के लिए 'पाकिस्तानी', 'रिफ्यूजी' अथवा अन्य अपमानजनक एवं जातिसूचक शब्दों के प्रयोग पर गहरी आपत्ति व्यक्त करते हुए ऐसे कृत्यों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्रेस को जारी अपने बयान में प्रेम महता ने कहा कि किसी भी नागरिक को उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि अथवा समुदाय के आधार पर अपमानित करने वाले शब्दों से संबोधित करना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि सामाजिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता के लिए भी घातक है। उन्होंने कहा कि हाल ही में शहर के पत्रकार एक यू-ट्यूबर को धमकी देते हुए इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया गया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि कुछ असामाजिक एवं असभ्य तत्व समय-समय पर ऐसे शब्दों का प्रयोग कर समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास करते रहते हैं।






प्रेम महता ने कहा कि पूर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा वर्तमान में केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री का दायित्व निभा रहे एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के लिए भी ऐसे अशोभनीय शब्दों का उपयोग किया जा चुका है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक मर्यादाओं तथा सभ्य संवाद की परंपरा के पूर्णतः विपरीत है।

उन्होंने कहा कि 'रिफ्यूजी' जैसे शब्दों का प्रयोग भी तथ्यात्मक रूप से अनुचित है, क्योंकि अपने ही देश में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर बसने वाले नागरिकों को इस श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। देश विभाजन की भीषण त्रासदी झेल चुके करोड़ों लोगों ने अपने परिश्रम, संघर्ष और पुरुषार्थ के बल पर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा समाज में सम्मानजनक स्थान स्थापित किया है।

प्रेम महता ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार से मांग की कि ऐसे समाज-विरोधी कृत्यों को रोकने के लिए कठोर कानून बनाए जाएं तथा किसी भी व्यक्ति या समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले अपमानजनक एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान किया जाए।

## कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा द्वारा सांझी के संरक्षण में आयोजित की गई कार्यशाला

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 03 जून। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय करनाल मंडल स्तरीय साँझी लोक कला कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। 1 जून से 3 जून तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, महिलाओं एवं कला प्रेमियों को हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा साँझी कला के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करना था।



कार्यशाला का आयोजन कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल तथा महानिदेशक के. एम. पाण्डुरंग के मार्गदर्शन में तथा कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी चित्रकला रेनू हुड्डा मलिक के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रदीप मलिक, सहायक रीटा मलिक तथा मास्टर ट्रेनर कमलेश ने प्रतिभागियों को साँझी कला की विभिन्न तकनीकों एवं विशेषताओं का प्रशिक्षण प्रदान किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा पुलिस इंस्पेक्टर रेखा तथा समाजसेवी सविता आर्य उपस्थित रहीं। इंस्पेक्टर रेखा ने अपने संबोधन में बच्चों एवं महिलाओं को सुरक्षा, शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और शिक्षा ही सशक्त समाज की आधारशिला हैं। वहीं समाजसेवी सविता आर्य ने महिलाओं, बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को लोक कला साँझी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि लोक कलाएँ हमारी सांस्कृतिक पहचान की धरोहर हैं और नई पीढ़ी को इन्हें सीखकर आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने महिलाओं की सामाजिक सहभागिता बढ़ाने तथा बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने साँझी कला की बारीकियों को सीखा तथा अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगों, फूलों और पारंपरिक डिजाइनों के माध्यम से तैयार की गई साँझी कलाकृतियों ने सभी का मन मोह लिया।

## विशाल सत्संग समागम का भव्य आयोजन 4 जून को सानियाना धाम में




» हरियाणा, यूटर्न/ 03 जून।

फतेहाबाद जिले के सानियाना धाम में 4 जून 2026 को विशाल सत्संग समागम का आयोजन किया जाएगा। यह आध्यात्मिक कार्यक्रम मुक्ति के दाता परम संत नूर सिंह जी महाराज जी के 100वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। समागम का आयोजन अमर प्रकाश महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में संत महापुरुषों की वाणी एवं सत्संग के माध्यम से मानवता, प्रेम, सेवा, सद्भावना और आध्यात्मिक जागृति का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर छह सी मस्ताना महाराज तथा राम प्रकाश महाराज की शिक्षाओं का भी स्मरण किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सत्संग का अनुपम अवसर होगा। धाम सानियाना की साध संगत द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की गई है।

आयोजकों के अनुसार यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सत्संग का अनुपम अवसर होगा। धाम सानियाना की साध संगत द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की गई है।

**कार्यक्रम विवरण:** आयोजन: विशाल सत्संग समागम

**अवसर:** मुक्ति के दाता परम संत नूर सिंह जी महाराज जी का 100वां जन्मोत्सव

**तिथि:** 4 जून 2026

**स्थान:** सानियाना धाम, तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद, हरियाणा

**सान्निध्य:** अमर प्रकाश महाराज


धाम सानियाना की समस्त साध संगत ने श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन में शामिल होने का आ'ान किया है।

## शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत: ए. श्रीनिवासन

### राजनीतिक दलों के साथ बैठकें पूर्ण, रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 03 जून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा ए. श्रीनिवासन ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों, कार्ययोजना तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य



निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्य गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किए जाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष एवं सटीक मतदाता सूची पर आधारित होती है। इसलिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। वीडियो कांफ्रेंस में जिला सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल से अतिरिक्त उपायुक्त एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित चौकसे ने भाग लिया। उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की सभी तैयारियां व्यवस्थित रूप से की जा रही हैं। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने बताया कि कुछ स्थानों पर निर्वाचन कार्य से जुड़े पद रिक्त हैं, जिनके संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है और शीघ्र ही आवश्यक नियुक्तियां सुनिश्चित की जाएंगी।

## शारीरिक शोषण की शिकायत से नाराज कामांध युवक ने उन्नाव में हत्या कर बुलंदशहर में फेंकी लाश

» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 03 जून। शरीर की आग बुझाने यानी वासना में अंधे कामांध युवक ने बहाने से बुलाकर कानपुर में रहने वाली युवती की उन्नाव में गोली मारकर हत्या कर दी।

इस युवती ने 19 मई को सदर कोतवाली में नर्सिंगहोम संचालक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने की शिकायत की थी। जिससे हत्यारा युवक बहुत-बहुत नाराज था। उसका अपहरण उसके निवास क्षेत्र बर्रा से किया गया था। इसके बाद उसके शव को बुलंदशहर जाकर फेंक दिया। मामले युवती की मां ने उन्नाव के नर्सिंगहोम




संचालक और उसके भतीजे के खिलाफ अपहरण कर हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा कराया था। फिलहाल जांच में जुटी पुलिस आरोपित भतीजे को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्हें हत्या कबूल कर ली और दबाव बनने पर नर्सिंगहोम संचालक ने भी थाने में सरेंडर कर दिया। वहीं, शव की बरामदगी के लिए आरोपित भतीजे को लेकर पुलिस एक टीम बुलंदशहर को रवाना हो गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से उन्नाव की रहने वाली महिला बच्चों की पढ़ाई के लिए बी-ब्लाक कर्रही विश्वबैंक बर्रा में किराए का कमरा लेकर रहती है। 25 मई को उन्होंने बर्रा थाने में उन्नाव के शेखपुर स्थित उत्तम हास्पिटल के संचालक देवकांत उत्तम और उसके रिश्ते में भतीजे व एंबुलेंस चालक विवेक पटेल के खिलाफ मुकदमा कराया था। इसके बाद ही अपरण करके इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में गहनता से जुटी है।

## रणदीप सिंह सुरजेवाला के जन्मदिवस पर कांग्रेसजनों ने लड्डू वितरित कर दी शुभकामनाएं

» हरियाणा, यूटर्न/ 03 जून।

राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण हिसार द्वारा कांग्रेस भवन, हिसार में शुभकामना एवं लड्डू वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण हिसार के अध्यक्ष ब्रजलाल बहबलपुरिया ने की। इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना ने जन्मदिवस का केक काटकर उपस्थित कांग्रेसजनों के साथ खुशियां साझा कीं, जबकि पूर्व टैक्सएंड ट्रिब्यूनल सदस्य हरपाल सिंह बूरा ने लड्डू वितरित कर सभी को शुभकामनाएं दीं।



ब्रजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला कांग्रेस पार्टी की सशक्त आवाज हैं, जिन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया है। उनका नेतृत्व और संघर्ष कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। राजेश संदलाना ने कहा कि सुरजेवाला जी का जीवन कांग्रेस की विचारधारा, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनका मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। हरपाल सिंह बूरा ने कहा कि सुरजेवाला जी ने सदैव किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं आमजन के हितों की मजबूती से पैरवी की है। उनका सार्वजनिक जीवन सेवा, संघर्ष और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता अनूप सिंह सरसाना, युवा नेता आनंद जाखड़, पूर्व महिला प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट कमल सहरावत, नेता रमेश गोदारा, एससी प्रदेश महासचिव सुखबीर धानक, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# मामूली कहासुनी और गुस्सा खूनी, दिल्ली में तीन हत्याएं; नाबालिगों की संलिप्तता से बढ़ी चिंता

» दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।

द्वारका के बिंदापुर इलाके में हंसी-मजाक के बीच पिता को अपशब्द कहने से आक्रोशित नाबालिग ने दोस्तों के साथ मिलकर सोनू (24) को इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर 17 वर्षीय नाबालिग के साथ नमेश पांडेय उर्फ अमन (22) और चिराग उर्फ अमन (20) को पकड़ लिया है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने हत्यारोपियों के एक अन्य साथी को दबोचने




के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि सोनू कुमार परिवार के साथ मोहन गार्डन इलाके में रहता था। इसके परिवार में पिता, भाई व चाचा हैं। सोनू छोटा-मोटा काम करता था। मंगलवार सुबह पुलिस को खबर मिली कि केडी बैंक्वेट हॉल, द्वारका मोड़ के पास एक युवक को कुछ लड़कों ने बुरी तरह पीटा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में सोनू को आईजीआई अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की तो सीसीटीवी और मुखबिरों से मिले इनपुट के आधार पर मुगलवार को तीनों आरोपियों को दबोच लिया गया।

## चाकू मारकर युवक की ली जान, दोस्त पर आरोप

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर स्थित भगत सिंह कॉलोनी में सोमवार देर रात 26 वर्षीय ललित कुमार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने ललित के दोस्त मोहित पर हत्या का आरोप लगाया है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## महिला कर्मी को घर से खींचकर तेजाब डालने की दी धमकी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 03 जून ।** प्रॉपर्डी डीलिंग कंपनी में कार्यरत युवती को तेजाब डालने की धमकी और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। घटना दिसंबर 2025 से चली आ रही है। पुलिस ने एक जून की रात पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

दर्ज मामले में पीड़िता ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग कंपनी के सेल्स विभाग में कार्यरत है। 12 दिसंबर 2025 को आरोपी उनके कार्यालय में राघव नाम का युवक फ्लैट खरीदने के लिए गया था। वहां से उनका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग नंबरों से कॉल और मैसेज करने शुरू दिए। जब उन्होंने कॉल उठाना बंद कर दिया तो आरोपी पीछा करते हुए घर तक पहुंच गया। 19 मई 2026 को आरोपी ने घर में घुसकर हाथ पकड़कर बाहर खींच लिया। विरोध करने पर आरोपी ने तेजाब डालकर मारने की धमकी दी। कई दिन तक पूरा परिवार डर के साये में रहा और हिम्मत जुटाकर पुलिस के पास पहुंचा। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 03 जून ।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र में घर से लापता हुई 12 वर्षीय किशोरी के लौटने पर परिजन ने पड़ोसी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। युवक पर किशोरी को घर से ले जाने और दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मामला 31 मई की देर रात का है। एक जून को पुलिस को शिकायत मिली तो मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में महिला ने बताया कि 31 मई की रात को उठीं तो उनकी 12 वर्षीय बेटी घर में नहीं थी। खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। सोमवार सुबह बेटी खुद ही घर वापस पहुंची तो उसने बताया कि पड़ोसी युवक रात को बहला फुसलाकर ले गया। उसने शादी का दबाव बनाते हुए उसका यौन उत्पीड़न करते हुए जबरन फोटो भी खींची। आरोपी ने अपने दोस्त के ऑटो रिक्शा से घर पहुंचवा दिया। महिला ने बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप युवक पर लगाया है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की बेटी को दो बार मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया।

# दिल्ली स्पेशल सेल ने संदिग्ध आतंकी हुफेजा को किया गिरफ्तार, ट्रांजिट रिमांड लेकर वापस लाने की तैयारी



» दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।

दिल्ली स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र में पुणे जिले के मीरा भायंदर इलाके से संदिग्ध आतंकी हुफेजा को गिरफ्तार किया है। आरोपी को ठाणे शहर की न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट नंबर 5 में पेश कर ट्रांजिट रिमांड की मांग करेगी। सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे मामले को काफी गंभीरता से देख रही हैं और आरोपी के नेटवर्क, संपर्कों और गतिविधियों की गहराई से जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्पेशल सेल आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड की मांग की जाएगी और इसके बाद उसे दिल्ली लाया जाएगा, जहां उससे आगे की पूछताछ की जाएगी।


जानकारी के मुताबिक, हुफेजा अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए मीरा-भायंदर आया हुआ था, तभी दिल्ली स्पेशल सेल और एटीएस की संयुक्त टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के समय किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया गया था।

पिछले कुछ दिनों से सुरक्षा एजेंसियां आरोपी की गतिविधियों पर नजर रख रही थीं। करीब तीन दिनों से उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी निगरानी और तकनीकी इनपुट के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस की गई और उसे गिरफ्तार किया गया।

फिलहाल आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ की गई है, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि दिल्ली लाकर उससे और महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि उसका किसी बड़े नेटवर्क या संगठन से कोई संबंध है या नहीं।

इस गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं और उसके संपर्क में आए अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है। मामले की आगे की कार्रवाई अदालत के निर्देशों और जांच एजेंसियों की रिपोर्ट पर निर्भर करेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी अध्यक्ष रबि लामिछाने से की मुलाकात



» दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।

भारत और नेपाल के बीच पारंपरिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी) के अध्यक्ष रबि लामिछाने से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने साझा समृद्धि, विकास और क्षेत्रीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री के आधिकारिक एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी गई।

पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, 'रबि लामिछाने के मुलाकात कर बहुत प्रसन्नता हुई। मैं साथ मिलकर साझा और समृद्ध भविष्य के निर्माण की इच्छा का पूरी तरह समर्थन करता हूं। भारत के लिए नेपाल उसकी 'नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी' के तहत एक महत्वपूर्ण और प्राथमिक साझेदार है।'

पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि नेपाल की नई सरकार के साथ मिलकर दोनों देशों के विशेष और बहुआयामी संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं, जिन्हें और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। भारत और नेपाल के बीच सहयोग केवल राजनीतिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, शिक्षा, पर्यटन और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है।

भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल के साथ घनिष्ठ सहयोग आने वाले समय में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक व्यापक तथा मजबूत बना सकता है। मंगलवार को लामिछाने ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। लामिछाने ने एक्स पोस्ट पर इन मुलाकातों को बेहद अहम और उपयोगी करार दिया था।

मुलाकात में नेपाल-भारत संबंध, आपसी हित, लोकतांत्रिक अभ्यास, सुरक्षा सहयोग तथा दोनों देशों के राजनीतिक दलों के बीच संवाद और सहयोग के विषयों पर विचार-विमर्श हुआ था। लामिछाने सहित उनकी टीम 5 जून को स्वदेश लौट जाएगी।

# साकेत इमारत हादसा नहीं, भ्रष्टाचार और लापरवाही का नतीजाः नेता अंकुश नारंग

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में विपक्ष के नेता अंकुश नारंग ने साकेत में इमारत गिरने की घटना को हादसा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, लापरवाही और मिलीभगत का नतीजा बताया है। उन्होंने इस मामले में एमसीडी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए म्युनिसिपल कमिश्नर को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए अंकुश नारंग ने लिखा, 'साकेत भवन की घटना कोई हादसा नहीं है, बल्कि भाजपा की सरकार वाली एमसीडी में अधिकारियों के भ्रष्टाचार, लापरवाही और मिलीभगत का नतीजा है।'

उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की शिकायतों और अवैध निर्माण की सूचना के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसकी कीमत बेगुनाह लोगों को अपनी जान गंवाकर चुकानी पड़ी।

उन्होंने कमिश्नर को पत्र लिखकर मांग की है कि घटना की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए। दोषी अधिकारियों और इंजीनियरों की



पहचान कर उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और मदद सुनिश्चित की जाए। नारंग ने पत्र की प्रति भी सार्वजनिक रूप से साझा की। पत्र में आगे कहा गया है, 'एमसीडी को दिल्लीवासियों की जान लेने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन एमसीडी के अधिकारी अपने छोटे-मोटे निजी स्वार्थों के लिए दिल्ली के निवासियों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।' अंकुश नारंग ने अपने पत्र में कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं।

# एनआईएसआर में योग सत्र का आयोजन टिकाऊ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 से पहले आयोजित गतिविधियों के तहत साबू थांग (लद्दाख) स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोवा रिग्पा (एनआईएसआर) में मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) पहल के अंतर्गत एक कॉमन योगा प्रोटोकॉल सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम योग को पर्यावरण-अनुकूल और जागरूक जीवनशैली से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान के फैकल्टी, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस कार्यक्रम का मुख्य विषय ह्योग अभ्यास को सचेत और कम उपभोग वाली जीवनशैली से जोड़नाह रखा गया था। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि किस तरह योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति



जिम्मेदार और संतुलित जीवनशैली अपनाने में भी मदद करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में टिकाऊ जीवनशैली और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना था।

सत्र का संचालन प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक गोपाल शर्मा ने किया। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान उन्हें योग के सही अभ्यास, सांस लेने की तकनीकों और मानसिक एकाग्रता बढ़ाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित योग अभ्यास तनाव कम करने, स्वास्थ्य सुधारने और जीवन में अनुशासन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। प्रतिभागियों को यह संदेश दिया गया कि अगर व्यक्ति अपनी जीवनशैली में संतुलन और संयम अपनाता है, तो वह न केवल अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है, बल्कि पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को भी कम कर सकता है।

कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ, पर्यावरण अनुकूल और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि मिशन लाइफ का उद्देश्य लोगों को ऐसी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना है, जो पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

यह कॉमन योगा प्रोटोकॉल सत्र उन कई गतिविधियों का हिस्सा है, जो संस्थान द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 से पहले आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों का लक्ष्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को टिकाऊ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

### आरबीआई की एमपीसी बैठक के बीच एसबीआई चेयरमैन का बड़ा बयान

# कहा- 'फिलहाल ब्याज दरों में कोई बदलाव न होना अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर'

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून।**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बीच भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी (चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी) ने बुधवार को कहा कि फिलहाल ब्याज दरों में कोई बदलाव न होना अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर रहेगा। उनका मानना है कि महंगाई की स्थिति पर नजर रखना जरूरी है, लेकिन इस समय दरों में स्थिरता से आर्थिक गतिविधियों को संतुलित गति मिलेगी और विकास को मजबूती मिलेगी। सीएस शेट्टी ने सिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस में कहा कि बाजार की आम धारणा भी यही है कि आरबीआई इस समय ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं कर सकता। ऐसे में दरों पर विराम आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मददगार साबित होगा।

एसबीआई चेयरमैन ने निवेशकों को सलाह देते हुए कहा कि शेयर बाजार के रोजाना उतार-चढ़ाव पर ज्यादा ध्यान देने के बजाय भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बैंकिंग सुधारों, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय समावेशन और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास के दम पर तेजी से आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, सप्लाई चेन में बदलाव और तकनीकी चुनौतियों के बावजूद भारत स्थिरता, मजबूती और अवसरों का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है।

सीएस शेट्टी ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना करते हुए कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) देश की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने बताया कि आज यूपीआई के जरिए हर महीने करीब 20 अरब ट्रांजैक्शन किए जा रहे हैं और इनमें लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी एसबीआई की है। उन्होंने कहा कि एसबीआई के प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विफलता की दर केवल 0.01 प्रतिशत है, जो इसकी विश्वसनीयता को दर्शाती है।

चेयरमैन ने आगे बताया कि जनधन खाते, आधार और मोबाइल कनेक्टिविटी की 'जेएएम ट्रिनिटी' ने देश में वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाई दी है। इसके साथ ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाकर लीकेज को काफी हद तक खत्म किया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने कम लागत पर पारदर्शी और प्रभावी सेवा वितरण सुनिश्चित किया है, जिससे करोड़ों लोगों को लाभ मिला है।

## एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड का 2027 में आ सकता है आईपीओ : सीएस सेट्टी

» **मुंबई, यूटर्न/ 03 जून।**



देश के सबसे बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की फंड मैनेजमेंट कंपनी एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एसबीआईएफएमएल) 2027 में एक्सचेंज में लिस्ट हो सकती है। यह जानकारी एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु (सीएस) सेट्टी ने बुधवार को सिटी इंडिया 2026 कॉन्फ्रेंस में दी। कार्यक्रम के साइडलाइन में एनडीटीवी प्रॉफिट से बातचीत करते हुए सेट्टी ने कहा कि एसबीआई अपनी एसेट मैनेजमेंट कंपनी एसबीआईएफएमएल का आईपीओ लाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सेबी के पास पहले से ही ड्राफ्ट पेपर जमा कर दिए गए हैं। सेट्टी ने आगे बताया, 'एसबीआई एएमसी की लिस्टिंग कैलेंडर वर्ष 2027 में होने की उम्मीद है।' एसबीआईएफएमएल का प्रस्तावित आईपीओ 13,000 करोड़ रुपए का होने की उम्मीद है। अगर यह इस साइज के साथ आता है तो भारत की एसेट मैनेजमेंट इंडस्ट्री में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। यह पूरा प्रस्तावित आईपीओ ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) होने की उम्मीद है। इसमें करीब 20.37 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी, जो कि कुल शेयर होल्डिंग का करीब 10 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

प्रस्तावित संरचना के तहत, एसबीआई कंपनी में लगभग 6.3 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहा है, जबकि ज्वाइंट वेंचर पार्टनर अमुंडी एसेट मैनेजमेंट लगभग 3.7 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट में वर्तमान में एसबीआई की 63 प्रतिशत और अमुंडी की 37 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### टाटा की किफायती कारें है 360 डिग्री कैमरा से लैस

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून।** ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए वाहन निर्माता कंपनियां अब बजट कारों में भी 360 डिग्री कैमरा की सुविधा उपलब्ध करा रही हैं। कारों में यह फीचर ड्राइविंग को सुरक्षित और आसान बनाता है, खासकर पार्किंग, रिवर्सिंग और भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहन चलाते समय। हाल ही में टाटा मोटर्स ने अपनी लोकप्रिय हैचबैक टियागो में 360 डिग्री कैमरा शामिल कर इसे इस सुविधा वाली देश की सबसे सस्ती कारों में शामिल कर दिया है। टाटा टियागो की कीमत 6.99 लाख रुपये से शुरू होती है और इसके क्रिएटिव वेरिएंट से 360 डिग्री कैमरा मिलता है। इसके बाद टाटा पंच का नाम आता है, जिसकी शुरुआती कीमत 7.65 लाख रुपये है। इसमें एडवेंचर वेरिएंट से यह सुविधा उपलब्ध है। पंच का कैमरा सिस्टम शहरों में आसान ड्राइविंग और पार्किंग के लिए उपयोगी माना जाता है। टाटा टिगोर भी इस सूची में शामिल है। इसकी कीमत 7.83 लाख रुपये से शुरू होती है और टॉप वेरिएंट एक्सजेड प्लस लक्स में 360 डिग्री कैमरा दिया गया है। वहीं टाटा अल्ट्रोज के क्रिएटिव वेरिएंट में एचडी 360 डिग्री कैमरा उपलब्ध कराया गया है। इसकी कीमत 8.02 लाख रुपये से शुरू होती है और बेहतर कैमरा क्वालिटी इसकी खासियत मानी जा रही है। सूची में पांचवां स्थान सिट्रोएन सी3 का है, जिसकी शुरुआती कीमत 8.03 लाख रुपये है। इसके एक्स शाइन वेरिएंट में अतिरिक्त भुगतान पर 360 डिग्री कैमरा लगाया जा सकता है।

### मारुति सुजुकी और टोयोटा मिलकर कई नए मॉडल करेंगी लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून।** भारतीय बाजार में मारुति सुजुकी और टोयोटा मिलकर कई नए मॉडल लॉन्च करने की तैयारी कर रही हैं। अपकमिंग मॉडलों में इलेक्ट्रिक और पेट्रोल दोनों तरह के विकल्प शामिल होंगे। इनमें लंबी रेंज वाली इलेक्ट्रिक कारों के साथ एक नई माइक्रो एसयूवी भी पेश की जाएगी। मारुति सुजुकी अपनी पहली सात-सीटर इलेक्ट्रिक एमपीवी पर काम कर रही है, जिसे फिलहाल वाईएमसी कोडनेम दिया गया है। इस मॉडल को वर्ष 2026 के अंत तक लॉन्च किए जाने की संभावना है। इसमें वेंटिलेटेड सीट्स, 360 डिग्री कैमरा, पैनोरमिक सनरूफ और लेवल-2 एडास जैसी आधुनिक सुविधाएं मिल सकती हैं। वाहन में 49 किलोवाट-घंटा और 61 किलोवाट-घंटा बैटरी पैक के विकल्प मिलने की उम्मीद है, जो क्रमशः लगभग 440 और 543 किलोमीटर की रेंज प्रदान कर सकते हैं।




## जैव-अर्थव्यवस्था क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत : तेजवीर सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून।**

सरकार के अनुसार, टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने वाली नीतियों और जैव-अर्थव्यवस्था (बायो-इकोनॉमी) से जुड़ी लक्षित पहलों के कारण भारत जैव-अर्थव्यवस्था और जैव-आधारित कृषि इनपुट क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग (डीसीपीसी) के सचिव तेजवीर सिंह ने कहा कि भारत के पास जैव-अर्थव्यवस्था और जैव-आधारित कृषि इनपुट्स क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने की अपार संभावनाएं हैं। इसकी वजह देश का मजबूत वैज्ञानिक आधार, समृद्ध जैव विविधता और तेजी से विकसित हो रहा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।

उन्होंने यह बात राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला 'बायोपीएसएफ 2026' के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही।

डीसीपीसी सचिव ने विश्वास जताया कि वैज्ञानिक उत्कृष्टता, उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच प्रभावी साझेदारी तथा युवा नवाचारकर्ताओं का तकनीकी योगदान भविष्य की टिकाऊ कृषि समाधान विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि जैव-कीटनाशकों की वास्तविक सफलता मजबूत फॉर्मूलेशन तकनीकों के विकास पर निर्भर करती है।

उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकें उत्पाद की स्थिरता, खेतों में उसकी प्रभावशीलता, उपयोग में आसानी और किसानों द्वारा उसे अपनाने की संभावना को बढ़ा सकती हैं।

'बायोपीएसएफ 2026' कार्यक्रम का आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ पेस्टिसाइड फॉर्मूलेशन टेक्नोलॉजी (आईपीएफटी), गुरुग्राम द्वारा किया गया। यह संस्था रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग की एक स्वायत्त संस्था है।


उन्होंने आगे कहा कि जैसे-जैसे भारत 'विकसित भारत 2047' और मजबूत जैव-अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने, अनुसंधान को व्यावहारिक उपयोग से जोड़ने और स्टार्टअप-आधारित नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जैव-आधारित रसायनों, फसल सुरक्षा तकनीकों और टिकाऊ कृषि इनपुट के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना समय की मांग है।

मंत्रालय के अनुसार, यह कार्यक्रम आईपीएफटी के 36वें स्थापना दिवस समारोह के तहत आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों, उद्योग प्रतिनिधियों, नियामक संस्थाओं, शिक्षाविदों, उद्यमियों, स्टार्टअप्स, छात्रों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने जैव-आधारित कृषि इनपुट से जुड़े नवीनतम विकास और टिकाऊ कृषि में उनकी भूमिका पर चर्चा की।

## आरबीआई की तीन दिवसीय एमपीसी बैठक आज से शुरू, महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर रहेगी नजर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून।**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक बुधवार से शुरू हो गई। विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच केंद्रीय बैंक इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा। बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को नीतिगत फैसलों की घोषणा करेंगे।

जून की मौद्रिक नीति समीक्षा ऐसे समय हो रही है जब पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव लगातार बना हुआ है और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इससे आर्थिक परिदृश्य और अधिक जटिल हो गया है। हालांकि, अधिकांश अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आरबीआई इस बार ब्याज दरों को स्थिर रख सकता है, लेकिन वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए उसके बयान का रुख पहले की तुलना में अधिक सतर्क या सख्त हो सकता है।

एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी के अनुसार, निकट भविष्य में आरबीआई ब्याज दरों को स्थिर रखने की नीति अपना सकता है, लेकिन समय के साथ कुछ सख्ती की संभावना भी बन सकती है। उन्होंने कहा कि बाजार फिलहाल 2026 की चौथी तिमाही से लगभग दो बार ब्याज दरों में कटौती की संभावना देख रहा है, न कि किसी बड़े स्तर की सख्ती की। भंडारी के मुताबिक, आरबीआई के संशोधित आर्थिक अनुमानों पर विशेष ध्यान रहेगा, खासकर इस बात पर कि वह ऊर्जा क्षेत्र में जारी झटकों का आकलन कैसे करता है और क्या वह कच्चे तेल की औसत कीमत का अपना अनुमान पहले के लगभग 85 डॉलर प्रति बैरल से बढ़ाता है या नहीं।

## प्रभावी सरकारी सुधारों के चलते मध्य वर्ग बना देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून।**



बीते 12 वर्षों में सरकार ने देश के मध्य वर्ग को मजबूत बनाने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं, जिसमें टैक्स में कटौती करना, बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना, इंश्योरेंस कवरेज और पेंशन का विस्तार करना शामिल हैं। इससे वित्तीय रूप से मध्य वर्ग पहले के मुकाबले मजबूत हुआ है। इसके अलावा, रियायती दरों पर लोन और डिजिटल सुधारों से बचत करने और उधार लेने के तरीके के साथ फाइनेंशियल प्लानिंग अधिक आसान हुई है। सरकार के कर सुधारों ने मध्यम वर्ग पर वित्तीय बोझ को काफी हद तक कम कर दिया है। 2014 में, 2.5 लाख रुपए तक की आय वाले व्यक्तियों पर कोई कर नहीं लगता था। अब, नई कर प्रणाली (जो 2023 में लागू हुई) के तहत, 12 लाख रुपए तक वार्षिक आय अर्जित करने वाले व्यक्ति (मानक कटौती सहित वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए 12.75 लाख रुपए) शून्य कर का भुगतान करते हैं। इससे उनकी बचत और व्यय योग्य आय वृद्धि हुई है। जुलाई 2017 में लागू हुआ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), स्वतंत्रता के बाद से भारत का सबसे महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष कर सुधार है। इसने कई केंद्रीय और राज्य करों को एक ही प्रणाली में एकीकृत कर दिया, जिससे एक साझा राष्ट्रीय बाजार का निर्माण हुआ।

## बुलेट का नया और बड़ा अवतार, बुलेट 650 लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून।** अपनी प्रतिष्ठित बुलेट का रॉयल एनफील्ड ने नया और बड़ा अवतार, बुलेट 650 लॉन्च किया है। वहीं क्लासिक ब्रिटिश लुक वाली बीएसए गोल्डस्टार 650 अपने दमदार सिंगल-सिलेंडर इंजन के साथ पहले से ही बाजार में धाक जमाए हुए है। कीमत के मामले में, रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 3.65 लाख रुपये है, जबकि बीएसए गोल्डस्टार 650 3.34 लाख से 3.46 लाख रुपये तक उपलब्ध है, जिससे गोल्डस्टार थोड़ी अधिक किफायती साबित होती है। लुक्स की बात करें तो, बुलेट 650 में पारंपरिक टियरड्रॉप फ्यूल टैंक, हैंडमेड पिनस्ट्रिप्स और क्रोम फिनिश वाली हेडलाइट के साथ वही पुराना बुलेट वाला लुक मिलेगा। वहीं, गोल्डस्टार 650 भी गोल हेडलाइट, स्पोक व्हील्स और विंटेज बॉडीवर्क के साथ आती है, लेकिन इसका स्टांस थोड़ा स्पोर्टी और डिजाइन साफ-सुथरा नजर आता है। परफॉर्मेंस के लिए, बुलेट 650 में 648 सीसी का पैरेलल-ट्विन, एयर-ऑयल कूल्ड इंजन है, जो 47 बीएचपी की पावर और 52.3 एनएम का टॉर्क देता है, साथ ही इसमें 6-स्पीड गियरबॉक्स है।

## पड़ोसियों की प्रताड़ना या पारिवारिक विवाद

## बेटे की आत्महत्या मामले में कोर्ट करेगी खुद जांच



» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जून ।**

अंकुर विहार क्षेत्र में बेटे की आत्महत्या के मामले में पड़ोसियों की प्रताड़ना और पारिवारिक विवाद के बीच सच्चाई क्या है, इसका पता अब अदालत खुद लगाएगी। विधवा महिला द्वारा पड़ोसियों पर मकान कब्जाने, जातिसूचक अपमान और बेटे को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाने के बाद एससी/एसटी एक्ट की विशेष अदालत ने पुलिस जांच पर भरोसा न करते हुए मामले को परिवाद के रूप में दर्ज कर न्यायिक जांच कराने का आदेश दिया है। गायत्री रानी के बयान के लिए दो जुलाई की तारीख तय की गई है।

गायत्री रानी ने अदालत में दायर प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि पड़ोसी संजय पांडे, उनकी पत्नी अर्चना पांडे और पुत्र तुषार पांडे ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके एकमात्र मकान पर कब्जा कर लिया। महिला का दावा है कि उसने किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर या अंगूठा नहीं लगाया, जबकि उसके नाम से कूटरचित कागजात तैयार किए गए।

महिला के अनुसार, उसके पुत्र कमल और संजय पांडे के बीच वाहन के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। दिसंबर 2025 में शिकायत के बाद पुलिस चौकी में कथित रूप से समझौते का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और परिवार के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि महिला से कोरे कागज पर जबरन अंगूठा भी लगवाया गया।

# दिल्ली में अवैध निर्माण पर सख्ती

## उपराज्यपाल ने एमसीडी को समयबद्ध रणनीति लागू करने के दिए निर्देश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।**



दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मजबूत शहरी शासन, बेहतर नागरिक अवसंरचना और राजधानी में संरचनात्मक सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उपराज्यपाल ने अधिकारियों को विभिन्न निर्देश दिए।

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने एक्स पर किए गए एक पोस्ट में बताया कि बैठक में अवैध संरचनात्मक विस्तारों पर अंकुश लगाने के लिए भवन उपनियमों के कड़े प्रवर्तन पर जोर दिया गया। एमसीडी को अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के लिए समयबद्ध रणनीति लागू करने का निर्देश दिया गया। मानसून से पहले वर्षा जल निकासी नालियों की सफाई एवं गाद हटाने, धूल कम करने के लिए सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत तथा स्वच्छता मानकों को मजबूत करने के लिए कचरा निपटान की प्रक्रिया में तेजी लाने जैसी प्रमुख नागरिक प्राथमिकताओं की भी समीक्षा की गई।

उपराज्यपाल ने कहा कि अधिकारियों के साथ हुई बैठक में जनकल्याणकारी पहलों की समीक्षा की गई। इसमें अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों के लिए पीएम-उदय योजना के शीघ्र क्रियान्वयन और सार्वजनिक पार्कों के पुनरुद्धार के लिए सहभागी सीएसआर ढांचे को अंतिम रूप देने पर विशेष ध्यान दिया गया।

तरनजीत सिंह संधू ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर हम दिल्ली के प्रत्येक निवासी को सुरक्षित, सुनियोजित, स्वच्छ और गरिमापूर्ण जीवन वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

इससे पहले मंगलवार को दिल्ली के पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपराज्यपाल टीएस संधू ने दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड (डीआरएमबी) के पुनर्गठन को मंजूरी दी। यह फैसला सर्वोच्च न्यायालय के टी.एन. गोदावरमन थिरुमुलपाद बनाम भारत संघ मामले में दिए गए निर्देशों तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत लिया गया।

पुनर्गठित दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव करेंगे, जबकि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष इसके सदस्य होंगे।

इसके अलावा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बोर्ड में शामिल रहेंगे। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के महानिदेशक, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, राजस्व विभाग के प्रधान सचिव तथा पर्यावरण एवं वन विभाग के प्रधान सचिव भी बोर्ड का हिस्सा होंगे।

## मदरसे में फंस गए थे 12 बच्चे, सूर्या के भाई को दिया नियुक्ति पत्र

**खोड़ा।** सील किए गए रहमानिया अरबिया कासिम-उल-उलूम में 100 से अधिक बच्चे तालीम हासिल करते हैं। मदरसा कमेटी के सचिव इलियास सैफी ने बताया कि यहां आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों 12 बच्चे भी तालीम ले रहे है। सीलिंग के दौरान पहली मंजिल पर यह बच्चे बंद हो गए थे। हालांकि सीलिंग के बाद पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने उनको पीछे के दरवाजे से बाहर निकाला। उधर, राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर सूर्या के परिवार को 2.25 लाख रुपये का चेक बतौर आर्थिक मदद के रूप में सौंपा। डीएम ने सूर्या के भाई यश को नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा। डीएम ने बताया कि उनको संविदा पर नगर पालिका खोड़ा में सफाई सुपरवाइजर के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।

## गुरुग्राम में दर्दनाक हादसाः पुलिस नाके को ट्रक ने कुचला, होमगार्ड की हुई मौत, चालक फरार

**गुरुग्रामः** मंगलवार की रात लगभग 11:30 बजे गुरुग्राम के सेक्टर-65 स्थित वर्ल्ड मार्क मॉल के सामने एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस नाके को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड संदीप कुमार की मौत हो गई। इस हादसे में पुलिस के बैरिकेड्स टूट गए और एक पुलिसकर्मी की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़ दिया। इस दौरान होमगार्ड संदीप कुमार ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन को वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक होमगार्ड की पहचान संदीप कुमार के रूप में हुई है, जो भिवानी जिले के लीवासी गांव का रहने वाला था।

## रुपये लेने के बाद भी दूसरे को बेच दी जमीन

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 03 जून ।** थाना छांयसा पुलिस ने जमीन का सौदा करने के बाद उसी जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को बेचने और लाखों रुपये हड़पने के आरोप में पिता-पुत्र के खिलाफ सोमवार को धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज की है।

गांव मच्छगर निवासी रामकुमार ने शिकायत में बताया कि गांव जवां स्थित जमीन का सौदा उन्होंने दिनेश मलिक और उसके पुत्र संदेश मलिक से वर्ष 2025 में 94 लाख रुपये में किया था।

## फ्लैट में लगी आग, 15 मिनट तक फंसा रहा कूलर कारोबारी का परिवार

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जून ।**



अवंतिका कॉलोनी फेज-2 स्थित एसके होम्स अपार्टमेंट में मंगलवार तड़के तीसरी मंजिल पर एक फ्लैट में आग लग गई। हादसे के वक्त कूलर कारोबारी पवन शर्मा, उनकी पत्नी, बेटा और बेटी फ्लैट में सो रहे थे। पीवीसी सामग्री, फर्नीचर और बिजली के सामान में आग फैलने से कुछ ही मिनटों में पूरा फ्लैट धुएं और लपटों से घिर गया।

इससे परिवार में चीख-पुकार मच गई। केशव नाम के पड़ोसी ने दमकल विभाग को सूचना दी।

इस बीच परिवार जान बचाने के लिए फ्लैट की बालकनी में पहुंच गया। दमकल टीम ने एक्सटेंशन लैडर की मदद से उनको सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, धुएं में दम घुटने से परिवार के तीन पालतू कुत्तों की मौत हो गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल ने बताया कि तड़के करीब 3:09 बजे नगर कोतवाली फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने से पहले दमकल कर्मियों ने फोन पर ही परिवार से संपर्क कर उन्हें बालकनी में सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी।

करीब 11 मिनट बाद टीम मौके पर पहुंची तो पवन शर्मा (52), उनकी 46 वर्षीय पत्नी, 20 वर्षीय बेटा व 18 वर्षीय बेटी बालकनी में खड़े मिले। दमकलकर्मियों ने एक्सटेंशन लैडर लगाकर चारों को सुरक्षित नीचे उतारा। इसके बाद हौज पाइप बिछाकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के बाद सहमा परिवार रिश्तेदारों के यहां चला गया है। आग और धुएं के बीच फंसे परिवार ने नौ मिनट के भीतर दमकल विभाग को पांच बार फोन किया। उन्होंने बताया कि मुख्य दरवाजे तक पहुंचना संभव नहीं है।

दमकल टीम के अनुसार परिवार आग से बचने के लिए कूदने की तैयारी में था। ऐसे में दमकल कर्मियों ने लगातार फोन पर संपर्क बनाए रखा और उनकी काउंसलिंग करते हुए बालकनी के सुरक्षित कोने में रहने की सलाह दी। टीम के पहुंचने तक परिवार वहीं मौजूद रहा।

### मुख्य दरवाजा तोड़कर फ्लैट में घुसी टीम

सीएफओ के अनुसार, इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित कूलर कारोबारी के तीन बेडरूम वाले फ्लैट के दो कमरों में आग फैल चुकी थी। बाहर निकलने के दौरान मुख्य दरवाजा लॉक हो गया था। ऐसे में दमकलकर्मियों ने दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और सबसे पहले रसोई व फर्नीचर में लगी आग पर काबू पाया। धुएं का घना गुबार होने के कारण कर्मियों ने मास्क पहनकर बचाव कार्य किया।

### तीनों पालतू कुत्तों की नहीं बच सकी जान

सीएफओ ने बताया कि परिवार ने जर्मन शेफर्ड नस्ल के तीन कुत्ते पाल रखे थे। तीनों कुत्ते फ्लैट के अलग-अलग हिस्सों में बेहोश मिले। टीम जब तक आग पर काबू पाकर अंदर पहुंची, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। बाद में कुत्तों को दफना दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर जान से मारने की दी धमकी, प्राथमिकी

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 03 जून ।** सेक्टर-53 की इंद्रा कॉलोनी में 27 अप्रैल को कई युवकों ने एक घर में घुसकर युवक को जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 31 मई को संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। कॉलोनी निवासी साहिल ने बताया कि 27 अप्रैल की रात करीब 12:30 बजे हिमांशु सैनी, रवि ठाकुर, नानक चंद व सूरज सहित अन्य युवक गाड़ी में सवार होकर आए। वे युवक उसके भाई समीर को बुलाने के लिए आवाज लगा रहे थे। पीड़ित साहिल घर पर अकेला था तो उसने दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा तोड़कर सूरज, नानक व लक्ष्मण घर में घुसे व समीर के बारे में पूछने लगे। जब पीड़ित ने अपने भाई के घर में नहीं रहने का बताया तो वे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। सेक्टर 53 थाने के इंस्पेक्टर व प्रभारी प्रवीन मामले में पहले भी शिकायत आने पर जांच की गई थी, जिसमें सोने की अंगुठी चोरी होने के साक्ष्य नहीं मिले थे। पीड़ित ने दोबारा शिकायत दी है तो नामजद युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द ही नामजद युवकों को जांच में शामिल करके आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### कबाड़ के गोदाम में लगी आग, सामान जलकर राख

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 03 जून ।** पल्ला थाना क्षेत्र के एतमादपुर के पास टीटू कॉलोनी में सोमवार रात करीब 9:30 बजे कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। इससे इलाके में अफरातफरी और हड़कंप मच गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। प्राथमिक दृष्टि से आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। स्थानीय निवासी शिवम के अनुसार, सोमवार रात को गोदाम से अचानक तेज धुआं निकलता दिखाई दिया। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की तीव्रता को देखकर आसपास के निवासियों में डर का माहौल बन गया। पल्ला थाना इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

## महिंद्रा शोरूम कर्मियों पर 70 लाख रुपये गबन करने का आरोप

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जून ।**

मेरठ रोड स्थित महिंद्रा के शोरूम मालिक ने अपने ही स्टॉफ पर करीब 70 लाख रुपये गबन करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि मैनेजर, सेल्समैन और अन्य स्टॉफ ने चार स्कॉर्पियो और एक थार फर्जी तरीके से बेच डाली। इसका रुपया कंपनी के खाते में न पहुंचाकर निजी खातों में लिया गया। एसीपी नंदग्राम ने बताया कि मामले की जांच एंटी फ्रॉड सेल को सौंपी गई है।

एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि मेरठ रोड स्थित महिंद्रा शोरूम के मालिक का आरोप है कि अप्रैल में शोरूम का ऑडिट किया गया। ऑडिट में सामने आया कि फरवरी और मार्च में चार स्कॉर्पियो और एक थार फर्जी तरीके से बेची गई है। आरोपी स्टॉफ ने ग्राहकों को फर्जी रसीद दी और सस्ती दरों पर वाहन बेच डाले। ऑडिट में सामने आया कि आरोपियों ने ग्राहकों से अपने निजी खातों में भुगतान कराया और मात्र डाउन पेमेंट कंपनी के खातों में ट्रांसफर की।





आरोप है कि शोरूम के एंट्री कार्ड से लेकर लेजर जैसे दस्तावेजों में भी छेड़छाड़ की गई। आरोपियों ने ग्राहकों से मिलीभगत कर सस्ते दामों में वाहनों को बेच दिया है। पीड़ित ने शोरूम के मैनेजर सहित अन्य स्टॉफ और ग्राहकों के खिलाफ तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि मामले की जांच एंटी फ्रॉड सेल को सौंप दी गई है। आरोपियों को अपने-अपने बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजे गए हैं। दो नोटिस आरोपियों को भेज दिए गए हैं। जांच में आरोपियों की पहचान होने पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजे जाएंगे। फिलहाल एंटी फ्रॉड सेल की रिपोर्ट का इंतजार है।

### आईटीएमएस और पुलिसकर्मियों की नजर से भी बचे

एसीपी नंदग्राम ने बताया कि फर्जी तरीके से बेची गई चार स्कॉर्पियो और एक थार आईटीएमएस और यातायात पुलिसकर्मियों के हत्थे भी नहीं चढ़ी। पीड़ित का आरोप है कि बगैर रजिस्ट्रेशन के पांचों वाहनों को चलाया गया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## फिल्म की सफलता केवल बड़े बजट में नहीं: जाह्नवी कपूर

किसी भी फिल्म की सफलता केवल बड़े बजट, स्टारकास्ट या प्रचार पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उसकी असली ताकत ईमानदारी, मेहनत और उसे बनाने के पीछे की नीयत में छिपी होती है। यह कहना है बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का। आगामी फिल्म 'पेड्डी' से जुड़े एक विशेष कार्यक्रम में शामिल हुईं जाह्नवी कपूर ने फिल्म निर्माण, दर्शकों की अपेक्षाओं और दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने दर्शकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि कलाकारों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी लोगों का मनोरंजन करना है और दर्शकों की राय को कभी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एक बातचीत में जाह्नवी कपूर ने कहा कि यदि कोई फिल्म पूरी निष्ठा, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ बनाई जाती है तो वह निश्चित रूप से दर्शकों तक पहुंचती है।



## उपलब्धियों से होती है पहचान, रूप-रंग से नहीं : माधुरी दीक्षित

हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक्स और बढते वजन को लेकर उनकी काफी आलोचना हो रही है। ऐसे बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने खुलकर ऐश्वर्या का समर्थन करते हुए कहा है कि किसी व्यक्ति की पहचान उसके रूप-रंग से नहीं, बल्कि उसकी उपलब्धियों और योगदान से होनी चाहिए। एक बातचीत के दौरान माधुरी दीक्षित ने कहा कि ऐश्वर्या राय ने अपने लंबे करियर में ऐसी विरासत बनाई है जिस पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या पिछले दो दशकों से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और उनकी उपलब्धियों को केवल बाहरी रूप या शारीरिक बनावट के आधार पर नहीं आंका जा सकता। माधुरी के अनुसार, ऐश्वर्या एक वैश्विक पहचान रखने वाली कलाकार हैं, जिन्होंने भारतीय सिनेमा को दुनिया भर में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। माधुरी ने कहा कि कान फिल्म महोत्सव में लगातार वर्षों तक भारत का प्रतिनिधित्व करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।



# कुब्रा सैत

## ने बताया कैसे सलमान खान ने बदली किस्मत, कहा- मेरे पास कोई डायलॉग नहीं था

अभिनेता सलमान खान स्टारर फिल्म ह्यरेडीह्न ने बुधवार को अपनी रिलीज के 15 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर अभिनेत्री कुब्रा सैत ने फिल्म से जुड़े अपने अनुभव शेयर किए। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे सलमान खान ने उनके रोल में डायलॉग जोड़कर उन्हें ज्यादा स्क्रीन टाइम दिया था।


वीडियो में अभिनेत्री कहती हैं, ह्लफिल्म ह्यरेडीह्न में ऑडिशन में जाने के लिए मैंने ब्लैक ड्रैस पहनी थी और अनीस बज्मी के ऑफिस में आने और मुझे मंजूरी देने का इंतजार कर रही थी।ह्व अभिनेत्री ने आगे बताया, ह्लयह ऑडिशन फिल्म ह्यरेडीह्न में एक नौकरानी के रोल के लिए था, और मैं इसे लेकर बहुत खुश थी। इस फिल्म को करते समय मुझमें बहुत आत्मविश्वास था, क्योंकि यह मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था। इससे पहले मैंने कभी किसी फिल्म में काम नहीं किया था।ह्व

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे सलमान खान ने उन्हें सेट पर नोटिस किया और उनके किरदार में डायलॉग ऐड किए, जिससे फिल्म में उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और निखर गई। अभिनेत्री ने कहा, ह्लअसल में, फिल्म में मेरे पास कोई डायलॉग नहीं था, लेकिन सलमान सर ने कहा कि क्यों ने इसे एक ऐसी नौकरानी बनाया जाए, जो टूटी-फूटी इंग्लिश में बात करती हो। अनीस बज्मी को यह आइडिया बहुत पसंद आया और इसीलिए फिल्म में मेरे पास डायलॉग हैं।ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्लउस समय हर कोई मुझसे कह रहा था कि मेरा दिमाग खराब हो गया है और मैं ह्यरेडीह्न फिल्म में काम करने के लिए कुछ ज्यादा ही उतावली हो रही हूं। लेकिन सच तो यह है कि अगर मैंने उस समय ह्यरेडीह्न फिल्म करने का पागलपन नहीं दिखाया होता, तो आज मैं ह्यकुकूह्न नहीं बन पाती। इसलिए कभी किसी काम को छोटा मत समझो; कोई भी रोल छोटा नहीं होता, बस एक्टर की सोच छोटी होती है। यह एक ऐसी सीख है जो मुझे जिंदगी भर याद रहेगी।ह्व



## अपने डेब्यू मैच में ही स्कॉटलैंड के चार्ली ने बनाया था विश्व रिकॉर्ड

**लंदन, यूटर्न/ 03 जून ।** विश्व क्रिकेट में एक से बढ़कर एक गेंदबाज हुए हैं। इन्हीं में एक एसोसिएट देश स्कॉटलैंड के एक युवा खिलाड़ी चार्ली कैसल भी हैं। चार्ली के नाम अपने डेब्यू एकदिवसीय मैच में एक ऐसा रिकार्ड है जो किसी भी अन्य गेंदबाज के नाम नहीं है। चार्ली विश्व के पहले और एकमात्र ऐसे गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने अपने पहले ही एकदिवसीय मैच में सात विकेट लिए थे। साल 2024 में ओमान के खिलाफ खेले गए अपने करियर के पहले ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में इस तेज गेंदबाज के सामने ओमान के बल्लेबाज टिक नहीं पाये। चार्ली से पहले अपने डेब्यू मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से दो तेज गेंदबाजों दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा और वेस्टइंडीज के फिडेल एडवर्ड्स के नाम था। इन दोनो ने अपने पहले एकदिवसीय मैच में विरोधी टीम के छह-छह विकेट लिए थे। ये रिकॉर्ड कई साल तब बना रहा जिसे चार्ली ने तोड़ा। इस गेंदबाज ने न सिर्फ इन दोनों दिग्गजों का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, बल्कि एक ऐसा नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया जिसे छू पाना आने वाले समय में किसी भी गेंदबाज के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।चार्ली का यह प्रदर्शन इसलिए भी खास है क्योंकि सीमित ओवरों के क्रिकेट में, जहां अक्सर नियम बल्लेबाजों के पक्ष में होते हैं और बड़े स्कोर आम बात हो गए हैं, वहां एक नए गेंदबाज द्वारा 7 विकेट लेना किसी चमत्कार से कम नहीं है। स्कॉटलैंड जैसे एसोसिएट देश के लिए यह लम्हा बेहद गर्व का था और इस रिकॉर्ड ने यह साबित कर दिया कि क्रिकेट की दुनिया में ऐसी अप्रत्याशित प्रतिभाएं भी मौजूद हैं जो बड़े मंच पर आकर वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ सकती हैं।




## वैभव में सचिन के शुरूआती दिनों की झलक दिखी : अतुल वासन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जून ।** पूर्व क्रिकेटर अतुल वासन ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि मुझे उसमें महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के शुरूआती दिनों की झलक नजर आती है। जिस प्रकार से सचिन ने साल 1989 के पाकिस्तान दौरे पर 16 साल की उम्र में भी निडर होकर खेला था। वैसा ही अंदाज वैभव का भी दिखा है। वासन का कहना है कि वैभव एक अलग तरह ही प्रतिभा हैं। उन्होंने अब के खेल में इस बल्लेबाज द्वारा दिखाई गई परिपक्वता और साहस की भी प्रशंसा की। वासन ने कहा, यह लड़का जिस तरह की परिपक्वता और हिम्मत दिखा रहा है, क्या आप उसकी कल्पना कर सकते हैं? वह मुझे 16 साल के सचिन तेंदुलकर की याद दिलाता है। उन्होंने आगे कहा, मैंने सचिन को देखा है, और 1989 के पाकिस्तान दौरे के दौरान उनकी खेल को लेकर परिपक्वता और जोखिम उठाने का साहस देखा था। वहीं ईश्वर ने वैभव को कौशल और ताकत के साथ तुरुप का इक्का होने का भी वरदान दिया है। वैभव ने हाल ही में हुए आईपीएल में अपना अलग प्रभाव दिखाया है। वह 16 पारियों में 237.30 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर टूनार्मेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक पर रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रंप ने कृषि और औद्योगिक उपकरणों पर टैरिफ में बदलाव किया

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 03 जून ।** व्हाइट हाउस की जानकारी के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया आदेश साइन किया है, जिसके तहत कई कृषि और औद्योगिक उपकरणों पर लगे टैरिफ को कम किया गया है, साथ ही अमेरिकी निर्मित इस्पात, एल्युमीनियम और तांबे के उपयोग को प्रोत्साहित करने वाले निमार्ताओं के लिए प्रोत्साहन को भी कड़ा किया है। यह बदलाव पहले से लागू सेक्शन 232 टैरिफ में किया गया है, जिसे सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और घरेलू धातु उद्योग को मजबूत करने के लिए जरूरी मानती है। नए आदेश के अनुसार, कृषि उपकरण जैसे कि हार्वेस्टर और कंबाइन मशीनों पर लगने वाला 25 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। यह राहत 31 दिसंबर 2027 तक लागू रहेगी। सरकार का कहना है कि इसका मकसद उन सेक्टरों की मदद करना है जो इन मशीनों पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं, साथ ही अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग में निवेश बढ़ाना भी है। इसके अलावा, कुछ और औद्योगिक उत्पादों को भी 15 प्रतिशत वाली कम टैरिफ दर में शामिल किया गया है। अब बुलडोजर और फोर्कलिफ्ट जैसे मोबाइल औद्योगिक उपकरण, अगर वे ऐसे देशों से आते हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार समझौता है, तो उन पर भी कम शुल्क लगेगा।


### अमेरिकी लॉमेकर्स ने विदेशी शिक्षकों के लिए एच-1बी वीजा में राहत की मांग की

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 03 जून ।** 100,000 डॉलर के एच-1बी वीजा शुल्क के प्रभाव को लेकर चिंताएं स्वास्थ्य सेवा से परे शिक्षा तक फैल गई हैं। लॉमेकर्स ने गृह सुरक्षा विभाग से दूरस्थ और कम सुविधा प्राप्त समुदायों में काम करने के लिए भर्ती किए गए विदेशी शिक्षकों के लिए राहत पर विचार करने का आग्रह किया है। गृह सुरक्षा विभाग के वित्तीय वर्ष 2027 के बजट प्रस्ताव पर सीनेट विनियोग उपसमिति की सुनवाई के दौरान अलास्का की सीनेटर लिसा मुर्कोव्स्की ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल जिलों को उन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जो विदेशों से डॉक्टरों की भर्ती करने की कोशिश कर रहे अस्पतालों के सामने आती हैं। हालांकि सुनवाई में रोजगार-आधारित वीजा पर मुख्य चर्चा डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा की कमी पर केंद्रित थी। मुर्कोव्स्की ने संकेत दिया कि शिक्षकों को भी इसी तरह के कार्यबल संबंधी दबावों का सामना करना पड़ रहा है, विशेष रूप से उन दूरस्थ समुदायों में जहां स्थानीय भर्ती मुश्किल साबित हुई है।

## यूएस सीनेटरों ने ग्रामीण अस्पतालों के लिए एच-1बी वीजा शुल्क में छूट पर विचार की मांग की

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 03 जून ।**

अमेरिका के दोनों प्रमुख दलों के सीनेटरों ने ग्रामीण अस्पतालों पर पड़ने वाले असर को लेकर 100,000 डॉलर वाले एच-1बी वीजा शुल्क पर चिंता जताई है। उन्होंने होमलैंड सिक्योरिटी सचिव मार्कवेन मुलिन से आग्रह किया कि दूर-दराज और कम सुविधाओं वाले इलाकों में काम करने के लिए भर्ती किए जा रहे विदेशी डॉक्टरों को कुछ राहत देने पर विचार किया जाए। यह मामला सीनेट की एप्रोप्रिएशंस उपसमिति की सुनवाई के दौरान उठा, जहां होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के वित्त वर्ष 2027 के बजट पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान मेन राज्य की सीनेटर सुसान कॉलिन्स ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों को विशेषज्ञ डॉक्टरों को आकर्षित करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।




कॉलिन्स ने बताया कि उत्तरी मेन के एक छोटे से कस्बे प्रेस्क आइल के अस्पताल को हाल ही में एक जरूरी सर्जन को विदेश से लाने के लिए यह भारी शुल्क देना पड़ा। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में पहले से डॉक्टरों की कमी है, वहां स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले संस्थानों को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए, न कि उन कंपनियों की तरह जो बड़े शहरों में काम करने के लिए स्किल्ड वर्कर्स को भर्ती करती हैं।

## रुबियो का दावा: संघर्ष के दौरान चीन ने ईरान की सैन्य मदद नहीं की

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 03 जून ।**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हाउस एप्रोप्रियेशन्स सबकमेटी की सुनवाई के दौरान कहा कि अमेरिका को ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि मौजूदा क्षेत्रीय संकट के दौरान चीन ने ईरान को सैन्य सहायता दी हो।



रुबियो ने बताया कि उन्होंने बीजिंग से अपील की कि वह होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का समर्थन करे।

रुबियो ने लॉमेकर्स से कहा, 'मैं कहूंगा कि चीन ने ईरान को किसी भी तरह की सहायता नहीं दी है और न ही उसने हमारे अभियानों या हमारी काम करने की क्षमता में कोई बाधा डाली है।'

विदेश मंत्री ने माना कि ईरान के पास चीन में बने कुछ सैन्य उपकरण हैं और दोनों देशों के बीच लंबे समय से संबंध हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हाल के संघर्ष के दौरान चीन की ओर से ऐसी कोई गतिविधि नहीं देखी है जिससे युद्ध की स्थिति या सैन्य संतुलन पर कोई असर पड़ा हो। रुबियो ने कहा कि हमें अल्पकाल में ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि इस स्थिति के दौरान चीन की ओर से दी गई किसी भी सहायता ने युद्ध के मैदान की स्थिति को बदला हो। रुबियो ने चीन के रवैये को सावधानीपूर्ण बताया। उनका कहना था कि बीजिंग ने ईरान के साथ अपने व्यापक रणनीतिक संबंधों के बावजूद इस संकट में सीधे तौर पर शामिल होने से बचने की कोशिश की है।

## हवाई अड्डे पर हुए हमले में एक शख्स की मौत, ईरान ने किया अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन: कुवैत



» **कुवैत, यूटर्न/ 03 जून ।**

कुवैत हवाईअड्डे के टर्मिनल वन पर हुए ड्रोन हमले में एक शख्स की मौत हो गई है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। ईरान पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के माध्यम से 'लगातार और क्रूर हमलों' का आरोप लगाया गया है। मंत्रालय ने इन हमलों को क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया।

बयान के अनुसार, तड़के हुए एक हमले में कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित कई नागरिक और महत्वपूर्ण ढांचागत सुविधाओं को निशाना बनाया गया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि कई अन्य घायल हुए और कुछ राजनयिक मिशनों सहित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा है।

> विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुवैत इन 'आक्रामक और अस्वीकार्य' कार्रवाइयों को पूरी तरह खारिज करता है। बयान में कहा गया कि इस तरह की घटनाएं न केवल क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और 2026 के सुरक्षा परिषद प्रस्ताव 2817 का भी उल्लंघन हैं।

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुवैत इन 'आक्रामक और अस्वीकार्य' कार्रवाइयों को पूरी तरह खारिज करता है। बयान में कहा गया कि इस तरह की घटनाएं न केवल क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और 2026 के सुरक्षा परिषद प्रस्ताव 2817 का भी उल्लंघन हैं। कुवैत के अनुसार उसकी संप्रभुता, सुरक्षा और उसके नागरिकों की रक्षा 'रेड लाइन' है, जिसे किसी भी परिस्थिति में पार नहीं किया जा सकता। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इन घटनाओं की पुनरावृत्ति एक सुनियोजित आक्रामक नीति को दर्शाती है, जिसे कुवैत स्वीकार नहीं करेगा। बयान में आगे कहा गया कि कुवैत को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए उचित और आवश्यक कदम उठाने का पूरा अधिकार सुरक्षित है। सरकार ने संकेत दिया कि वह इन हमलों के जवाब में संभावित उपायों पर विचार कर रही है। कुवैत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस स्थिति पर ध्यान देने और तनाव कम करने के लिए तत्काल कूटनीतिक प्रयास तेज करने की अपील की है।

इससे पहले, कुवैती रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि बुधवार को कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल-1 (टी1) को कई ड्रोन हमलों का निशाना बनाया गया। बयान के अनुसार, यह हमला कथित ईरानी आक्रामक कार्रवाई का परिणाम था, जिससे टर्मिनल भवन को भारी नुकसान पहुंचा और कई लोग घायल हो गए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, हमले के तुरंत बाद आपातकालीन सेवाओं और चिकित्सा टीमों को सक्रिय किया गया। घायलों को आवश्यक चिकित्सीय सहायता प्रदान की गई और उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।



## अमेरिकी लॉमेकर ने चीन से जुड़े कार सुरक्षा जोखिम पर जताई चिंता

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 03 जून ।** अमेरिका के एक वरिष्ठ लॉमेकर ने वाणिज्य विभाग के उस फैसले पर चिंता जताई है, जिसके तहत चीन से गहरे जुड़ाव वाली एक विदेशी वाहन निमार्ता कंपनी को अमेरिका में 'कनेक्टेड वाहन' बेचने और बनाने की अनुमति दी गई है। मिशिगन की डेमोक्रेट प्रतिनिधि डेबी डिंगेल ने चेतावनी दी कि इससे संवेदनशील डेटा सामने आ सकता है, राष्ट्रीय सुरक्षा के उपाय कमजोर पड़ सकते हैं, और अमेरिकी ऑटो बाजार से चीनी टेक्नोलॉजी को बाहर रखने के मकसद से लगाए गए प्रतिबंधों में कमियां पैदा हो सकती हैं। वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक को लिखे एक पत्र में, उन्होंने ऑफिस ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन्स टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज (ओआईसीटीएस) द्वारा हाल ही में दी गई एक मंजूरी पर सवाल उठाया; यह मंजूरी प्रशासन के 'कनेक्टेड वाहन' सुरक्षा प्रतिबंधों के बावजूद दी गई थी। डिंगेल ने लिखा, 'वाणिज्य विभाग ने इन नियमों को इसलिए अंतिम रूप दिया क्योंकि कनेक्टेड वाहन टेक्नोलॉजी से राष्ट्रीय सुरक्षा को स्पष्ट खतरे हैं।' उन्होंने कहा कि आधुनिक कनेक्टेड वाहन बड़ी मात्रा में संवेदनशील जानकारी इकट्ठा करने और भेजने में सक्षम होते हैं, जिसमें जियोलोकेशन डेटा, ड्राइविंग के तरीके, इंफ्रास्ट्रक्चर की मैपिंग, ऑपरेशनल डायग्नोस्टिक्स और उपभोक्ता की निजी जानकारी शामिल है।

## क्रिटिकल मिनरल्स पर चीन का बढ़ता दबदबा सुरक्षा के लिए खतरा: अमेरिकी विदेश मंत्री

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 03 जून ।**

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने चेतावनी दी कि दुनिया भर में जरूरी खनिजों की सप्लाई चेन पर चीन का दबदबा बढ़ता जा रहा है, जो आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका उन्नत तकनीकों, रक्षा प्रणालियों और औद्योगिक उत्पादन के लिए जरूरी संसाधनों के मामले में बीजिंग पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए दुनिया भर में अपनी साझेदारियां बढ़ा रहा है।

अमेरिकी संसद की हाउस एप्रोप्रिएशंस सबकमेटी के सामने बोलते हुए रुबियो ने कहा कि एक ही देश में इतने महत्वपूर्ण खनिजों और उनकी



प्रोसेसिंग क्षमता का केंद्रित होना अमेरिका ही नहीं, बल्कि यूरोप और एशिया के सहयोगी देशों के लिए भी बड़ी रणनीतिक कमजोरी है।

उन्होंने कहा कि यह दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं है और सच कहूं तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक है कि किसी भी जरूरी चीज के लिए 90 प्रतिशत तक एक ही देश पर निर्भर रहना पड़े। चाहे वह आपकी इंडस्ट्रियल बेस हो, डिफेंस सिस्टम हो या टेक्नोलॉजी।

यह बयान ऐसे समय आया है जब ट्रंप प्रशासन अपनी आर्थिक और विदेश नीति में 'क्रिटिकल मिनरल्स' को बहुत अहम जगह दे रहा है, खासकर चीन के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच।

लिथियम, कोबाल्ट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स और ग्रेफाइट जैसे क्रिटिकल मिनरल्स इलेक्ट्रिक गाड़ियों, सेमीकंडक्टर्स, बैटरियों, टेलीकॉम उपकरणों, रिन्यूएबल एनर्जी तकनीक और आधुनिक सैन्य सिस्टम के लिए बहुत जरूरी हैं।

रुबियो ने कहा कि अमेरिका दुनिया भर के कई देशों के साथ मिलकर सप्लाई चेन को अलग-अलग जगहों पर फैलाने की कोशिश कर रहा है, ताकि कच्चे माल और उनकी प्रोसेसिंग दोनों के वैकल्पिक स्रोत तैयार किए जा सकें।

उन्होंने बताया, 'हमने तीन दर्जन या उससे भी ज्यादा देशों को क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल मीटिंग में शामिल किया।'

उनके मुताबिक, अब क्रिटिकल मिनरल्स अमेरिका की कूटनीति का एक अहम हिस्सा बन गए हैं और लगभग हर अमेरिकी दूतावास में इस पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा अब अमेरिका की विदेश नीति में बहुत प्राथमिकता वाला बन चुका है, ताकि अलग-अलग देशों के साथ मिलकर चीन पर निर्भरता कम की जा सके।

## अमेरिका-ईरान की बीच शांति समझौता टूटने की आशंका प्रबल

**दोहा, यूटर्न/ 03 जून ।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे शांति समझौते की टूटने की आशंका जतायी जा रही है। कतर में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मेहरान कामरावा ने बताया कि फारस की खाड़ी में तनाव और सैन्य टकराव किसी भी पल फिर से शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान की परिसंपत्तियों पर लगी रोक और ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों को हटाने का प्रश्न अब भी बातचीत में प्रमुख गतिरोध बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हालांकि समझौते पर मोटेतौर पर रूपरेखा पर सहमति बन गई है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार नए संशोधन करने की प्रयास कर रहे हैं, जिसे ईरान भरोसे के लायक नहीं मानता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ईरान चाहता है कि अमेरिका उसके खिलाफ लगे प्रतिबंधों को हटा ले, जबकि श्री ट्रंप का कहना है कि प्रतिबंधों में राहत 'ईरान के बर्ताव' के आधार पर दी जानी चाहिये। राष्ट्रपति ट्रंप इस बात पर भी अड़े हैं कि समझौते के तहत ईरान की जब्त की गयी राशि जारी नहीं की जायेगी, भले ही मसौदा समझौते में इन संपत्तियों का आधा हिस्सा जारी करने का प्रावधान है। समझौते के स्वरूप को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच मतभेद बरकरार हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *